आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.02.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत हुए समझौतों और उनकी ग्राउंडिंग की प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक।
- प्रदेश में पर्यटकों की संख्या ने बनाया नया रिकॉर्ड। राज्य गठन के बाद पहली बार साल भर का आंकड़ा 6 करोड़ के पार।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले उत्तराखण्ड के एनसीसी कैडेट्स को लोक भवन में सम्मानित किया।
- पिथौरागढ़ जिले में भारत—नेपाल सीमा पर स्थित अंतरराष्ट्रीय झूला पुल पर सशस्त्र सीमा बल ने डिजिटल निगरानी प्रणाली लागू की।

मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत हुए समझौतों और उनकी ग्राउंडिंग की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए गए समझौते की वर्तमान स्थिति, जमीनी प्रगति, अवरोधों और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत 3 लाख 57 हजार 693 करोड़ रुपये के एक हजार 779 समझौते हुए थे, जिनमें से अब तक एक लाख छह हजार 953 करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तराखंड के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राज्य में निवेशकों के विश्वास, बेहतर कानून—व्यवस्था, सुशासन और उद्योग अनुकूल वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि एमओयू और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर आ रहे अवरोधों का त्वरित निस्तारण किया जाए। प्रत्येक संबंधित विभाग में एक—एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जो एमओयू ग्राउंडिंग की सतत निगरानी करें। अगर किसी नीति में संशोधन, सरलीकरण या शिथिलीकरण की आवश्यकता हो, तो उसका प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र पैरवी की जाए। उद्योगों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को राज्य के सभी जिलों में प्रत्येक माह "उद्योग मित्र समिति" की बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक में उद्योगों से जुड़े मुद्दों का समाधान और उद्योग—अनुकूल निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

पर्यटन कीर्तिमान

प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने नया कीर्तिमान बनाया है। वर्ष 2025 में छह करोड़ तीन लाख से अधिक पर्यटक उत्तराखण्ड पहुंचे, जो राज्य गठन के बाद से अब तक की सर्वाधिक संख्या है। हरिद्वार में सबसे ज्यादा तीन करोड़ 42 लाख से अधिक पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंचे, जबकि देहरादून में 67 लाख से ज्यादा और टिहरी जिले में 53 लाख से अधिक सैलानी आए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि पर्यटन, उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य में पूरे वर्ष पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, ताकि पर्यटन कारोबार से जुड़े स्थानीय निवासियों और युवाओं को सालभर रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। शीतकालीन यात्रा इसी की एक कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इन्हीं सब प्रयासों का परिणाम है कि उत्तराखण्ड में पर्यटकों की बढ़ती संख्या हर वर्ष नया रिकॉर्ड बना रही है।

शिक्षा प्रतियोगिता

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर में आज दो दिवसीय राज्य स्तरीय नवसृजन शिक्षा नवाचार शिक्षण सामग्री प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक पार्वती दास ने कहा कि यह कार्यक्रम डीएलएड प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक, गतिविधि आधारित और नवाचारोन्मुख बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम समन्वयक रवि कुमार जोशी ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भावी शिक्षकों को कम लागत, व्यावहारिक, रोचक और कक्षा में तुरंत उपयोग योग्य शिक्षण सामग्री स्वयं तैयार करने के लिए सक्षम बनाना है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले उत्तराखण्ड के एनसीसी कैडेट्स को आज लोक भवन में सम्मानित किया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे विशिष्ट अवसर पर चयनित होना कैडेट्स के दृढ़ निश्चय और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस अनुभव से मिली सीख, कैडेट्स को आत्मविश्वास के साथ देश और समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के एनसीसी कैडेट्स अपने उत्कृष्ट प्रशिक्षण और अनुशासन के कारण अन्य कैडेट्स से अलग पहचान रखते हैं।

गौरतलब है कि इस वर्ष उत्तराखण्ड से कुल 172 एनसीसी कैडेट्स ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड और उससे जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। परेड में उत्तराखण्ड की कैडेट मानसी विश्वकर्मा ने गर्ल कंटिन्जेंट की परेड कमांडर के रूप में नेतृत्व किया।

इसके अतिरिक्त 28 जनवरी को दिल्ली कैंट स्थित करिअप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री रैली में भी उत्तराखण्ड के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमें सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट उत्कर्ष शर्मा ने परेड कमांडर की भूमिका निभाई।

एसएसबी पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ जिले में भारत–नेपाल सीमा पर स्थित अंतरराष्ट्रीय झूला पुल पर सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए डिजिटल निगरानी प्रणाली लागू की है। इस नई व्यवस्था से भारत और नेपाल के बीच आवागमन करने वाले प्रत्येक नागरिक का चेहरा स्कैन कर डिजिटल फेस आईडी तैयार की जा रही है। एसएसबी के कमांडेंट आशीष कुमार ने बताया कि यह प्रणाली फिलहाल एक महीने के ट्रायल के तौर पर शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से भारत–नेपाल सीमा पार नहीं कर पाएगा।

शैक्षिक भ्रमण

टिहरी जिले में पीएम श्री विद्यालयों के 70 टॉपर छात्रों का दल शैक्षिक भ्रमण पर आज हैदराबाद रवाना हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने कहा कि हैदराबाद के चार दिवसीय भ्रमण के दौरान छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहरों को नजदीक से देखने और समझने का मौका मिलेगा।

छात्रा प्राची ने कहा कि इस भ्रमण से उन्हें भविष्य में लाभ मिलेगा।

गुलदार हमला

नैनीताल जिले के भीमताल में गुलदार ने एक महिला को मार डाला। महिला मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल में गई थी, लेकिन कल रात तक घर नहीं लौटी। आज सुबह जंगल से महिला का शव बरामद हुआ। घटना के बाद भीमताल के जून स्टेट और आसपास के इलाके में गुलदार के बढ़ते आतंक से दहशत का माहौल है। जिले में एक महीने के अंदर ये छठी घटना है, जब गुलदार ने इंसानों पर हमला किया है।